**स्वच्छता अभियान** ▶ अब तक 154 नालों में से 126 नालों की सफाई पूरी

# 4000 सफाई मित्र कर रहे निरंतर कार्य : महापौर



**नवभारत,जबलपुर।** शहर के देवतुल्य नागरिकों को वर्षाऋतु में जलप्लावन की समस्या से मुक्त रखने के लिए नगर निगम प्रशासन पूरी ताकत के साथ मैदान में उतर चुका है। वर्षाजल की सुगम निकासी सुनिश्चित करने के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के नेतृत्व में आधुनिक मशीनों और भारी वाहनों की मदद से शहर के बड़े और छोटे नालों की सफाई का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है।

महापौर ने निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्यों रजनी कैलाश साहू, अंशुल राघवेन्द्र यादव, एवं विवेकराम सोनकर और स्वास्थ्य विभाग के अमले के साथ कमला नेहरू नगर वार्ड का औचक निरीक्षण कर नाला सफाई अभियान का जायजा लिया। इस अवसर पर महापौर ने बताया कि शहर में 4000 सफाई मित्र एवं 375 डोर टू डोर गाड़ियाँ लगातार सफाई कार्य में लगी हुई हैं।

### आधुनिक मशीनों से हो रही सफाई

महापौर ने निरीक्षण के दौरान बताया कि शहर की ड्रेनेज व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नगर निगम ने अभूतपूर्व संख्या में संसाधनों को काम पर लगाया है।

नालों और नालियों के जीर्णोद्धार और गाद निकालने के लिए तेज गति से मशीनों एवं मानव संसाधनों को लगाकर कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभिन्न क्षमता की हैवी मशीनें 154 बड़े नालों की गहरी सफाई और गाद हटाने के लिए 110, 200, 70 की 10 टाटा हिटाची मशीन, 24 जे.सी.बी., 24 डम्फर, मिनी हिटाची 23 और 33 ट्रेक्टर ट्राली के माध्यम से नालों की सफाई का कार्य लगातार किया जा रहा है।

### 79 वार्डों में चल रहा अभियान

महापौर ने ये भी बताया कि शहर के बड़े नालों के साथ-साथ सभी 79 वार्डों की छोटी-छोटी नालियों की भी तड़ीझाड़ सफाई कराई जा रही है, ताकि गलियों में पानी जमा न हो। अभी तक कुल 154 चिन्हित बड़े नाले है, 126 नालों की सफाई पूर्ण हो चुकी है, शेष 28 नालों पर तेज गति से सफाई का कार्य किया जा रहा है, जिससे वर्षाजल की निकासी बेहद सुगम हो जाएगी और नागरिकों को जलभराव से भारी राहत मिलेगी। निरीक्षण के दौरान महापौर ने ने स्पष्ट कहा कि हमारी पूरी टीम, जन प्रतिनिधि और निगम का पूरा प्रशासनिक अमला नागरिकों की सेवा के लिए 24 घंटे 8-8 घंटे की शिफ्ट में तत्पर है। इस बार वर्षा ऋतु में नागरिकों को जलभराव के कारण किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# 30 लाख लिए बिना, एनओसी सहित मूल दस्तावेज लौटाए

**मेडिकल छात्र की याचिका पर हाईकोर्ट का अंतरिम आदेश**



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस प्रणय वर्मा व जस्टिस जेके पिल्लई की युगलपीठ ने गांधी मेडिकल कालेज भोपाल के डीन को निर्देशित किया है कि याचिकाकर्ता को 10 जून से पूर्व एनओसी सहित मूल दस्तावेज लौटा दिए जाएं। यह अंतरिम आदेश विचाराधीन याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन होगा। न्यायालय ने इस मामले में राज्य शासन, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा, डायरेक्टर मेडिकल एजुकेशन व गांधी मेडिकल कालेज भोपाल के डीन को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

यह मामला सिवनी निवासी याचिकाकर्ता डॉ. योगेश कुमार सेवाते की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी व अलका सिंह ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि इसी प्रकार की एक याचिका इंदौरपीठ द्वारा 17 सितंबर 2024 के आदेश के माध्यम से पहले ही स्वीकार करके अंतरिम राहत प्रदान की जा चुकी है। दरअसल याचिकाकर्ता द्वारा एनओसी व मूल दस्तावेज की मांग किए जाने पर डीएमई ने विहित प्रविधान का हवाला दिया, जिसके अंतर्गत मेडिकल सीट छोड़ने की सूरत में 30 लाख जमा करने होते हैं। यदि राशि जमा कर दी जाये, तो एनओसी व मूल दस्तावेज दे देंगे। आवेदक की ओर से कहा गया कि याचिककार्ता ने नीट प्री-पीजी में अच्छे नंबर पाए थे, जिसके बाद उसे एमडी एनेस्थेसिया की सीट आवंटित हुई। गांधी मेडिकल कालेज भोपाल में दाखिला मिला। इसके बाद दुर्भाग्य से गंभीर एक्सीडेंट हो गया। इससे वह खड़ा होने व झुकने की स्थिति में नहीं रह गया है। एनेस्थेसिया डिग्री के बाद वह डाक्टरों की टीम के समक्ष ठीक से कार्य करने की सूरत में नहीं है। इसीलिए सीट छोड़ना चाहता है। वह इन-सर्विस होने के कारण इटारसी में मेडिकल आफिसर था, वहां रीज्वाइन करेगा। इसके लिए एनओसी व मूल दस्तावेज चाहिए। दलील दी गई कि नेशनल मेडिकल काउंसिल, एनएमसी और भारत की संसद तक में सीट लीव बांड अंतर्गत 30 लाख जमा करने की शर्त का विरोध हो चुका है। दिशा-निर्देश जारी किए गए। इसके बावजूद जीएमसी भोपाल जबरन 30 लाख मांग रहा है, जो अनुचित है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त अंतरिम आदेश दिया।

# अव्यवस्थाओं को लेकर रादुविवि में एनएसयूआई का प्रदर्शन




**नवभारत, जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं एवं छात्रों की समस्याओं को लेकर एनएसयूआई द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। 'लॉकअप रहने वाला कुलपति नहीं चलेगा' के नारे के साथ एनएसयूआई कार्यकर्ता विश्वविद्यालय परिसर पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान एनएसयूआई प्रभारी अचल नाथ के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक रूप से ताला तोड़ने के उद्देश्य से हथौड़ी लेकर प्रदर्शन किया, जिससे यह संदेश दिया जा सके कि छात्रों की आवाज को किसी भी प्रकार से दबाया नहीं जा सकता। कार्यकर्ताओं का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन लगातार छात्रों की समस्याओं की अनदेखी कर रहा है, जिससे छात्रों में भारी असंतोष व्याप्त है।

### उग्र आंदोलन की चेतावनी और संकल्प

एनएसयूआई प्रभारी अचल नाथ ने कहा कि यदि जल्द ही छात्रों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन और उग्र रूप लेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एनएसयूआई हमेशा छात्रों के हितों के लिए संघर्षरत रहेगी और किसी भी अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने एकजुट होकर छात्र हितों की रक्षा का संकल्प लिया।

## पेयजल गुणवत्ता और सीवेज प्रबंधन को लेकर जवाब-तलब

**जबलपुर।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की प्रधान पीठ ने पेयजल की गुणवत्ता और सीवेज प्रबंधन को लेकर मध्य प्रदेश, राजस्थान सहित अन्य राज्यों के प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों और अन्य अधिकारियों से जवाब-तलब किया है। एनजीटी के अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य डॉ. अफरोज अहमद ने मीडिया रिपोर्ट के आधार पर इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया है।

दरअसल पानी की गुणवत्ता को लेकर देश के अलग-अलग राज्यों में समाचार प्रकाशित किए गए। जिसमें कहा गया कहा की आम नागरिकों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल रहा है। सुनवाई के दौरान कमल कुमार राठी की ओर से हस्तक्षेप आवेदन प्रस्तुत किया गया। एनजीटी ने हस्तक्षेप आवेदन स्वीकार कर लिया है।

# रांझी के दो कुख्यात बदमाशों पर लगा रासुका



**पुलिस ने एनएसए में गिरफ्तार कर भेजा जेल**

**नवभारत, जबलपुर।** रांझी पुलिस ने दो कुख्यात बदमाशों शुभम मिश्रा एवं अमन केवट को एनएसए में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रांझी टीआई उमेश गोल्हानी ने बताया कि शुभम मिश्रा पिता विजय मिश्रा 28 वर्ष निवासी सुमन नगर रिछाई थाना रांझी, अमन केवट पिता सुभाष केवट 24 वर्ष निवासी मनमोहन नगर रांझी द्वारा लगातार क्राइम किया जा रहा था। जिनके आपराधिक कृत्यों के कारण क्षेत्र में भय एवं आतंक का वातावरण इतना अधिक निर्मित हो गया है लोग सूचना देने एवं रिपोर्ट करने से डरते है एवं असुरक्षित महसूस करते हैं, किंतु शुभम मिश्रा एवं अमन केवट आदतों में सुधार न लाकर लगातार अपराध घटित किये जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के आदेश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह एवं नगर पुलिस अधीक्षक रांझी सतीष कुमार साहू के मार्गदर्शन में बदमाशों का एनएसए प्रकरण तैयार कर कलेक्टर राघवेन्द्र के समक्ष प्रस्तुत किया गया था, जिस पर एनएसए के तहत गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर केन्द्रीय जेल जबलपुर में निरूद्ध कराया।

### शुभम पर 45, अमन के खिलाफ 16 अपराध दर्ज

शुभम मिश्रा अपराधी प्रवृत्ति का युवक है जो वर्ष 2016 से अपराध घटित किये जा रहा है जिसके खिलाफ लूट, हत्या का प्रयास, अवैध वसूली, मारपीट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, आर्म्स एक्ट, जुआ एक्ट आदि के 45 अपराध दर्ज है। इसी प्रकार अमन केवट वर्ष 2018 से अपराध घटित किये जा रहा है जिसके खिलाफ हत्या का प्रयास, अवैध वसूली, मारपीट, तोड़फोड आर्म्स एक्ट आदि के 16 अपराध दर्ज है।

## एक नजर में



### अवैध वेंडरों के खिलाफ चलाया गया विशेष अभियान

**जबलपुर, नवभारत।** आरपीएफ जबलपुर द्वारा पोस्ट प्रभारी राजीव खरब के निर्देशन मे विशेष चेकिंग अभियान चलाकर अनाधिकृत वेंडर्स एवं रेल परिसर में अनाधिकृत प्रवेश करने वाले पर कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान कमर्शियल विभाग भी सक्रिय था सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार मुख्य रेलवे स्टेशन पर विशेष अभियान चलाकर स्टेशन परिसर, आउटर में सघन चेकिंग की गई इस ड्राइव के दौरान 45 वेंडरों को बिना प्रॉपर कार्ड के खाद्य सामग्री बेचते पाए जाने पर और 47 व्यक्तियों को अनाधिकृत प्रवेश करने इस प्रकार कुल 92 व्यक्तियों पर विशेष चेकिंग के दौरान पकड़कर उनके विरुद्ध रेल अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई इस दौरान योगेन्द्र सिंह, आरक्षक प्रवीण उपाध्याय एवं आरक्षक पंकज सिंह एवं वाणिज्य विभाग के रविकांत एवं आर एस मीणा शामिल थे।



### बिना नोटिस तोड़ दिए गरीबों के ठेले-टपरे

**नवभारत,जबलपुर।** कैंट बोर्ड जबलपुर द्वारा ब्रह्माकुमारी आश्रम रोड, कैंट वार्ड नं 8 पर स्थित विकास पिल्ले, मुन्ना सेन,दुम्मीलाल, प्रकाश, संजय सेन, साईं चाट सेंटर के चाय-पान के ठेले-टपरों को बिना किसी पूर्व सूचना, बिना नोटिस एवं बिना तहसीलदार-पुलिस प्रशासन की उपस्थिति के सुबह 5 :30 बजे नियम विरुद्ध तरीके से तोड़ दिया गया। इस कार्रवाई से कैंट क्षेत्र के गरीब दुकानदारों के परिवार भुखमरी की कगार पर आ गए हैं। और अब विरोध प्रदर्शन पर उतर आए हैं। जय महाकाल संघ अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया रामकृष्ण तिवारी और पंकज गुप्ता सहित अन्य ने कार्रवाई की शिकायत गोरखपुर पुलिस थाना में की है और चेतावनी दी है कि 'यदि गरीबों को न्याय नहीं मिला तो कैंट बोर्ड कार्यालय का घेराव कर उग्र आंदोलन किया जाएगा।' संगठन ने मांग की है कि दोषी कैंट बोर्ड अधिकारियों पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर निलंबित किया जाए। जिन गरीबों के ठेले-टपरे तोड़े गए उन्हें उचित मुआवजा व वैकल्पिक स्थान दिया जाए और भविष्य में बिना नोटिस व पुनर्वास के कोई कार्रवाई न हो।

### गढ़ा में देर रात 4 बाइकों में तोड़फोड़

**नवभारत, जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत हनुमानबाग में शरारती तत्व ने देर रात सड़क पर खड़ी चार मोटरसाइकिलों में तोड़फोड़ कर पेट्रोल और स्पार्क प्लग के एडाप्टर पार कर दिए। मामले की शिकायत थाने में कीगई है। जानकारी अनुसार हनुमानबाग मुजावर मोहल्ला निवासी 43 वर्षीय कदीर अंसारी ने मोहल्ले के अन्य निवासियों रोख महमूद, शेश्व मोहम्मद और राजिद खान के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पीड़ितों ने बताया कि वे सभी रोज की तरह हनुमानबाग के सामने मुख्य सड़क पर अपने-अपने घरों के आगे गाड़ियां पार्क करते हैं। 3 और 4 जून की दरमियानी रात करीब 1 बजे कुछ बदमाशों ने उनकी गाड़ियों में तोड़फोड़ की। बदमाशों ने सड़क पर खड़ी जिन चार बाइकों को क्षतिग्रस्त किया, उसमें एमपी 20 एम एक्स 1363, एमपी 20 एम वी 8907, एमपी 20 एन एम 7851, एमपी 20 एम जे 1177 शामिल हैं। पीड़ितों के मुताबिक, गाड़ियों से पेट्रोल भी निकाला गया है और उनके एच प्लग का एडाप्टर निकाल कर चोरी कर लिया गया है। पीड़ितों ने हनुमानबाग के सामने रहने वाले 18 वर्षीय युवक मुजू पर वारदात को अंजाम देने का संदेह जताया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# सिवनी से अपहृत नाबालिगा जबलपुर से बरामद

**जबलपुर।** सिवनी के आदेगांव क्षेत्र में अपहृत नाबालिगा को पुलिस ने जबलपुर से बरामद कर लिया है। नाबालिगा को सागर के रहली क्षेत्र में रहने वाला युवक अखिलेश चौकसे अपहरण कर जबलपुर में बंधक बनाकर एक मकान में रखा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार 15 मई 2026 को आदेगांव थाने में एक व्यक्ति ने अपनी 15 वर्षीय पुत्री के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। परिजनों ने आशंका व्यक्त की थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने बालिका को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नाबालिगा की तलाश शुरु कर दी। इस दौरान खबर मिली कि नाबालिगा को रहली जिला सागर निवासी जबलपुर में किराए के मकान में बंधक बनाकर रखा है। जिसपर सिवनी पुलिस जबलपुर पहुंची और स्थानीय थाना पुलिस की मदद से आरोपी अखिलेश चौकसे को गिरफ्तार कर नाबालिगा को चंगुल से छुड़ा लिया। पुलिस ने आरोपी अखिलेश को आज न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। आरोपी को पकडने में थाना प्रभारी आदेगांव आशीष कुमार धुर्वे, उप निरीक्षक बलदेव श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक अमर उईके, शोएब खान, आरक्षक सरवन मरकाम, जयप्रकाश उईके, सैनिक नारद धुर्वे और ग्राम रक्षा सदस्य विकास यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## काले ने अड़ीबाजी कर महिला को दी बम से उड़ाने की धमकी

**नवभारत, जबलपुर।** बेलबाग थाना अंतर्गत गोपाल मंदिर पुल के पास सरेराह एक महिला से अड़ीबाजी कर बदमाश काले ने बम से उड़ाने की धमकी दे डाली। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार कोमल मोगरे (26) निवासी बेलबाग एक प्राइवेट कंपनी में काम करती हैं। वो अपने साथी रोहित कैथवास के साथ स्कूटी पर खड़ी थीं तभी क्षेत्र का बदमाश रंजीत कुशवाहा उर्फ काले महिला को रोककर शराब पीने के लिए 2000 की मांग कर दी । महिला ने जब आरोपी रंजीत को पैसे देने से साफ मना कर दिया, तो वह आपा खो बैठा। उसने राह चलती महिला के लिए सरेराह आपत्तिजनक और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए विवाद शुरु कर दिया जब पीड़िता ने पुलिस में शिकायत करने की चेतावनी दी, तो आरोपी ने चिल्लाते हुए कहा, अगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, तो बम पटक कर जान से खत्म कर दूंगा। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। डरी-सहमी पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई।

# युवक से लूट, पुलिस ने दर्ज नहीं की एफआईआर कांग्रेस ने घेरा पुलिस अधीक्षक कार्यालय



**नवभारत, जबलपुर।** तिलवारा थाना अंतर्गत गढ़ा स्टेशन के पास युवक के साथ हुई लूट मामले में एफआईआर नहीं होने पर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेसी पुलिस अधीक्षक अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और एफआईआर दर्ज करने की मांग की। अति. पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया।

शहर जिला काँग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने बताया कि जोमेटो वर्कर अतिल कोरी को 30 मई की रात लगभग 11:30 बजे तिलवारा थाना अंतर्गत गढ़ा स्टेशन के पार्स चार नकाबपोशों ने घेर लिया था। पर्स के साथ मोबाइल, नगद 2000 लूटने के बाद उसके साथ मारपीट की थी । पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की। जिसको लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस की अनदेखी का विरोध दर्ज कराते हुए एफआईआर की मांग की । सौरभ नाटी शर्मा ने कहा कि कानून के प्रति सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और किसी भी प्रकार की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जायेगी । इस दौरान अजय कुमार कोरी, सुनंदा विनोदिया, आरिफ बेग, प्रवेंद्र चौहान, रितेश बंटी गुप्ता, निर्मल चंद जैन, मदन लारिया,जग्गू विश्वकर्मा, विक्रम ठाकुर, संदीप चढ़ार, अक्षय विनोदिया,मनोज नामदेव, संजू ठाकुर , भरत पटेल, रिजवान अली, राकेश चौधरी, कलीम खान एवं अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहे।

**बैठक** ▶ बैठक में कई अहम प्रस्ताव किये गये मंजूर

# मनमोहन नगर अस्पताल का होगा कायाकल्प : डॉ . अभिलाष



**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के मनमोहन नगर अस्पताल को जल्द ही सर्वसुविधायुक्त सिविल अस्पताल के रूप में अपग्रेड किया जाएगा। विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने रोगी कल्याण समिति की बैठक में इस बड़े कायाकल्प की जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अस्पताल की मौजूदा कमियों को दूर करने हेतु कई अहम प्रस्ताव मंजूर किए गए हैं। डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने बताया कि यह अस्पताल विजयनगर, दीनदयाल उपाध्याय वार्ड, शिवनगर और शांतिनगर जैसे सघन क्षेत्रों हेतु मुख्य केंद्र है। बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ), वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉक्टरों, प्रशासनिक अधिकारियों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बुनियादी ढांचा बदलने का खाका तैयार किया है।

### मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप विकास

विधायक डॉ. अभिलाष पांडे ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार अंतिम छोर के व्यक्ति तक बेहतर, त्वरित और समुचित इलाज पहुंचाने हेतु संकल्पित है। इसी के तहत मनमोहन नगर अस्पताल को सुंदर, सुसज्जित और अत्याधुनिक उपकरणों से लैस करने के प्रयास शुरू हो चुके हैं। अपग्रेडेशन के बाद यहाँ डॉक्टरों की संख्या, ओपीडी समय का विस्तार और विभिन्न पैथोलॉजी जांच सुविधाएं बढ़ा दी जाएंगी, ताकि गरीब व मध्यम वर्गीय मरीजों को जिला अस्पताल या निजी नर्सिंग होम के चक्कर न काटने पड़ें। बैठक में अस्पताल भवन रखरखाव, साफ-सफाई, वार्ड सुदृढ़ीकरण और दवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने पर डॉक्टरों व अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए गए। बहुत जल्द अस्पताल की नई विंग और आधुनिक सुविधाओं हेतु टेंडर प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, जिसके बाद मनमोहन नगर अस्पताल नए व आधुनिक स्वरूप में तैयार होगा। इस घोषणा का उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने स्वागत किया है।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से पलटा ई-रिक्शा, चार दबे

**नवभारत, जबलपुर।** कटंगी थाना अंतर्गत बोरिया के पास गंज खमरिया तिराहे पर बीती रात एक तेज रफ्तार कार चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए आगे जा रहे ई-रिक्शा को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा सड़क पर ही पलट गया, जिसके नीचे दबने से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी कार चालक घायलों को झांसा देकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शंकरनगर माढ़ोताल निवासी राजेंद्र लोधी (31) ई-रिक्शा चालक है। वह अपने परिचितों शनि सिंह, रामपाल लोधी, आशीष पटेल और उषा बाई को लेकर एक तेहरवी कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम बोरिया आया था। रात लगभग 11:45 बजे जब सभी लोग ई-रिक्शा से वापस जबलपुर लौट रहे थे, तभी गंज खमरिया तिराहे के पास पीछे से आ रही एक अनियंत्रित कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद ई-रिक्शा पलट गया और सभी सवारियां उसके नीचे दब गए। मौके पर चीख-पुकार मच गई। घायल रामपाल लोधी, आशीष पटेल और उषा बाई को प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए जबलपुर अस्पताल भिजवाया गया।

### पूरा इलाज कराना पड़ेगा सुनते ही भागा कार चालक

पीड़ित राजेंद्र लोधी ने बताया कि टक्कर मारने वाली कार एमपी 20 बीए 3726 का चालक गाड़ी से उतरा और मामले को रफा-दफा करने के लिए राजेंद्र को इलाज के नाम पर कुछ पैसे देने लगा। जब राजेंद्र ने कहा कि चोटें गंभीर हैं और पूरा इलाज कराना पड़ेगा, तो आरोपी चालक डर गया और अपनी कार लेकर जबलपुर की तरफ तेजी से भाग निकला। राजेंद्र लोधी की शिकायत पर पुलिस ने फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।